हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 24 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कटोरा रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क बदहाल



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### 511 छात्राओं में से 363 अंग्रेजी में फेल, कुलपति से शिकायत

**अम्बिकापुर।** एसजीजीयू द्वारा हाल ही में जारी बीए अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय की 85 फीसदी छात्राएं अंग्रेजी विषय में फेल घोषित की गई है। छात्राओं को अंग्रेजी विषय में 5 अंक से 15 अंक तक दिए गए है। मामले में आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में पीड़ित छात्राएं बुधवार को कुलपति प्रो.पीपी सिंह से मुलाकात की। रचित मिश्रा ने कुलपति प्रो.सिंह को प्रकरण की विस्तृत जानकारी दी तथा विवि की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय की 511 छात्राओं ने बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा दी थी जिसमें 363 अंग्रेजी विषय में फेल घोषित की गई हैं। इसके पूर्व भी कई बार इस तरह के कई मामले हो चुके हैं। कुलपति पो.सिंह ने पीड़ित छात्राओं से संवाद कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कमेटी अंग्रेजी विषय में कम अंक मिलने के कारणों का पता लगाएगा।

### जेडी स्वास्थ्य सेवाएं ने 40 कर्मचारियों को दी पदोन्नति

**अंबिकापुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने वर्षों से लंबित पदोन्नति के प्रकरण में पहल कर कर्मचारियों को राहत दी है। जेडी की ओर से विभिन्न पदों पर लंबित पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए गए है। बता दें कि संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने स्थानीय कार्यालय में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की गई थी बैठक में सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड 2 के 24 कर्मचारियों, सहायक ग्रेड-2 से लेखापाल के पद पर 6 कर्मचारियों एवं लेखापाल से मुख्य लिपिक के पद पर 11 कर्मचारियों तथा पुरुष पर्यवेक्षक से बीईटीओ के पद पर 5 कर्मचारियों का पदोन्नति समिति के निर्णय उपरांत अंतिम चयन सूची जारी किया गया। अंतिम चयन सूची जारी होने के बाद संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शुक्ला ने कुल 40 कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। बड़ी बात यह है कि पुरूष पर्यवेक्षक से बीईटीओ के पद पर 5 कर्मचारियों का पदोन्नति लगभग 4 वर्षों बाद किया गया है। पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

### आरक्षक संवर्ग चयन हेतु लिखित परीक्षा के लिए सूची जारी

**अंबिकापुर।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत सरगुजा संभाग के जिले सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में रिक्त आरक्षक संवर्ग के पदों की पूर्ति हेतु प्रथम चरण अंतर्गत दस्तावेजों की जांच, शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा उपरांत आगामी चरण में लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ पुलिस की अधिकृत वेबसाईट, तथा सरगुजा ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट में अपलोड किया जा रहा है एवं सूची सरगुजा संभाग के समस्त जिलों के पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं कंट्रोल रूम में उपलब्ध है। लिखित परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाईट में पुनः रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। एसपी सरगुजा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष है।

# 63 की उम्र, बिना रूके 70 किलोमीटर दौड़े, जल चढ़ाकर ही ली सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


बिना रूके, बिना थके लगातार सत्तर किलोमीटर दौड़ना वह भी 63 वर्ष की उम्र में कोई आसान काम नहीं है। शहर के नागरिक रमेश पटेल ऐसा 14 वर्षों से प्रतिवर्ष करते चले आ रहे हैं। यही नहीं उन्होंने सुल्तानपुर से बाबा बैजनाथ धाम तक 120 किलोमीटर की दूरी बिना रूके दौड़ते हुए पूरी की और शिवलिंग पर जल चढ़ाया है। ऐसा करने वाला शायद सरगुजा में दूसरा कोई नहीं है। गुजराती समाज से आने वाले रमेश भाई पटेल

■ रोज मां महामाया मंदिर 3 घंटे सुबह 3 घंटे शाम करते है सेवा, आरती में होते है शामिल

## 14 वर्षों से हर सावन कैलाश गुफा में शिवलिंग पर चढ़ाते है जल

### 40 वर्षों से सुबह-शाम रोज मंदिर

रमेश पटेल पिछले 40 वर्षों से लगातार सुबह-शाम मां महामाया मंदिर जाते है। 3 घंटे सुबह 3 घंटे शाम मां के दरबार में हाजिरी देना, वहां साफ-सफाई करना और फिर मां की आरती में शामिल होने के बाद ही अन्न जल ग्रहण करना उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।



### दो दिन पहले ही छोड़ देते है खाना

श्री पटेल ने बताया कि जिस दिन उन्हें जल लेकर दौड़ना होता है, उससे दो दिन पूर्व वे अन्न का त्याग कर देते है। और जल चढ़ाने के एक दिन बाद ही अन्न का सेवन शुरू करते है। उन्होंने बताया कि अब डॉक्टरों ने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया है। बोले मन की इच्छा तो प्रबल है किन्तु बढ़ती उम्र के साथ अब आगे ऐसा कर जल चढ़ाने की उम्मीद धुंधली होती नजर आ रही है।

विगत 14 वर्षों से शहर के शंकर घाट से जल लेकर दौड़ते हुए जशपुर के कैलाश गुफा तक सत्तर किलोमीटर की दूरी तय करते है। वह भी बिना रूके, अनवरत। कैलाश गुफा में शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजा पाठ करने के बाद ही सांस लेते है। हर वर्ष सावन में लोग इनका इंतजार करते है कि रमेश भाई कब जल चढ़ाने जाएंगे। रमेश पटेल ने बताया कि वे हर बार सोचते है कि अब उम्र हो चली है और अब पैर भी साथ देने से कतराने लगे हैं इसके बावजूद जैसे ही सावन शुरू होता है मै स्थिर नहीं रह पाता हूं और जल चढ़ाने दौड़ पड़ता हूं। श्री पटेल ने कहा कि इतना तो तय है कि भक्ति में शक्ति तो है। विश्वास में आत्मबल जरूर होता है जिसके सहारे ऐसा कर लेता जूं।

## सरगवां में किया गया भूमि का चयन

# नहीं टूटेगा राजमोहिनीदेवी भवन, सरगवां में बनेगा एक हजार सीटर ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

माता राजमोहिनीदेवी भवन को अब तोड़ा नहीं जाएगा। नगर निगम सरकार अब किसी दूसरे स्थान पर 1 हजार सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण करेगी। ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु स्थल का चयन किया जा रहा है और सुभाषनगर और सरगवां में रिक्त पड़ी भूमि चिन्हांकित कर ली गई है। अधिकारी जल्द ही स्थल चयन के बाद भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने की बात कह रहे है।

**खास बात**

■ 20 करोड़ की मिली है स्वीकृति

बता दें कि प्रदेश सरकार की ओर से नगर निगम को 1 हजार सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इस ऑडिटोरियम का निर्माण 20 करोड़ रूपए की लागत से किया जाना है।




फाइल फोटो

शुरुआत में यह बात सामने आई थी कि ऑडिटोरियम का निर्माण वर्तमान में पीजी कॉलेज के सामने स्थित माता राजमोहिनीदेवी भवन के स्थान पर किया जाएगा और इसके लिए वर्षो पुराने धरोहर को तोड़ा जाएगा। भवन को तोड़ने की बात आने के बाद विपक्ष ने इसका विरोध किया था वहीं यह बात भी सामने आई कि एक हजार सीट ऑडिटोरियम के हिसाब से यहां पार्किंग व अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। ऐसे में नगर निगम सरकार ने इस भवन को तोड़ने का विचार अब छोड़ दिया है व किसी रिक्त भूमि पर 1 हजार सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। एक हजार सीटर ऑडिटोरियम व इसके पार्किंग सहित कार्यों के लिए लगभग 3 एकड़ भूमि की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि नगर निगम सरकार ने शहर के वार्ड क्रमांक 2 के साथ ही सरगवां में एक खाली भूमि का चिन्हांकन किया गया है। नगर निगम द्वारा सरगवां में रिक्त पड़े भूमि को ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु उपयुक्त माना गया है लेकिन फिलहाल भवन के निर्माण को लेकर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

### दो फ्लोर का होगा ऑडिटोरियम

बताया जा रहा है कि 20 करोड़ रूपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। ऑडिटोरियम का भवन दो फ्लोर का होगा और इसमें बड़े हाल के साथ ही बालकनी होगी। एक हजार सीटर ऑडिटोरियम में रेस्ट रूम के निर्माण की भी योजना बनाई जा रही है। बड़े स्थान पर ऑडिटोरियम का निर्माण किए जाने से लोगों को आवागमन और पार्किंग जैसी सुविधा आसानी से मिल सकेगी। इस एक हजार सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी और स्थानीय प्रतिभाओं को भी इस ऑडिटोरियम में अपनी प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिल सकेगा।

### चल रही है प्रक्रिया

ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु स्थल का चयन किया जा रहा है। सुभाष नगर और सरगवां में से एक स्थल का चयन कर जल्द ही निर्माण हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

-श्रीमती मंजूषा भगत, महापौर

# नाबालिग भाई बहनों का अपहरण कर देह व्यापार में धकेलने की थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मासूम बच्चों को देह व्यापार में धकेलने का प्रयास करने वाले आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने कड़ी सजा सुनाई है। बच्चों का अपहरण कर उन्हें बेचने और मजदूरी व देह व्यापार के के दलदल में धकेलने का प्रयास करने वाली दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को विशेष न्यायाधीश (एनआईए) ने 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के कांसाबेल क्षेत्र में रहने वाले 12 व 14 वर्षीया बच्चियों व 10 वर्षीय बालक पिता की मौत के बाद अपने दादा के घर में रहते थे। इस दौरान 12 अप्रैल 2024 से रहस्यमय ढंग से लापता हो गए थे। बच्चों के लापता होने पर परिजन ने उनकी खोजबीन शुरू गई। कई दिनों तक चली खोजबीन के बाद पता चला कि बच्चों को अंतिम बार स्कूटी में गांव की बिमला यादव के साथ देखा गया था लेकिन जब परिजन ने बिमला यादव से पूछताछ की तो वह मुकर गई। ऐसे में परिजन ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने बिमला यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बच्चों को एमपी में बेचने की बात कही। आरोपी दम्पति ने बच्चों को घर में कैद करके रखा था और इन बच्चियों को देह व्यापार के दलदल में धकेलने और बालक को मजदूरी के लिए बेचने की योजना थी। आरोपियों ने बच्चियों का विवाह कराने के नाम पर कुछ लोगों से मिलवाया भी था। इस मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 120बी, 363, 365, 366(क), 368, 370 के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपियों जशपुर जिले के टांगरगांव निवासी 36 वर्षीया बिमला यादव पति स्व. दिलीप यादव, दम्पति एमपी छतरपुर बिजावर उदयपूरा निवासी 33 वर्षीय कोमल अहिरवार आ. ओमेदा अहिरवार व 31 वर्षीया नीलू उर्फ निर्मला नायक पति कोमल अहिरवार को गिरफ्तार किया था। 22 जुलाई को इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एनआईए) पीठासीना अधिकारी केएल चरयाणी के कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शासन की ओर से लोक अभियोजक गौरंगो सिंह ने अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान विमला यादव, नीलू उर्फ निर्मला नायक और कोमल अहिरवार को दोषी माना। विमला ने बच्चों का अपहरण किया और उन्हें दम्पति को बेच दिया जबकि दम्पति भी बच्चों का व्यापार कर लाभ अर्जित करना चाहते थे। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को सभी धाराओं में अधिकतम 14-14 साल एक कठोर कारावास व 8-8 हजार रूपए के अर्थ दंड से दण्डित किया है।

■ कोर्ट ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को दी 14-14 साल की कठोर सजा



# युवा आयोग अध्यक्ष तोमर मिले आईआईआईटी के कुलपति से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय तोमर ने बीते दिनों आईआईआईटी के कुलपति ओमप्रकाश व्यास से मुलाकात कर प्रदेश के 150 युवाओं को एआई व नई टेक्नोलॉजी में ट्रेंड करने के संबंध में बात की।

श्री तोमर ने बताया कि कुलपति श्री व्यास से आईआईआईटी में पढ़ने का सपना देखने को नई जनरेशन की एआई व नई टेक्नोलॉजी से जुड़ी अल्पावधि की शिक्षा से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की योजना बनी है। आईआईआईटी रायपुर में दिसम्बर व जून में अवकाश के दौरान हॉस्टल व कॉलेज कैम्पस खाली रहता है। इन दो महीनों में 150 चयनित युवाओं को आधुनिक टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग देकर भविष्य के लिए तैयार किया जा सकता है।

उन्होंने युवा आयोग द्वारा जल्द विशेष ट्रेनिंग हेतु गाइडलाइन बनाने की बात कही।

# अशक्त बुजुर्ग महिला की मदद के लिए बाहर निकले न्यायाधीश, बेंच पर बैठ की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण में जमा राशि का भुगतान लेने पहुंची बुजुर्ग महिला के अभिकरण की सीढ़ियां चढ़ने में अक्षम होने की जानकारी मिलते ही अभिकरण के पीठासीन अधिकारी मानवता की मिसाल पेश करते हुए अपनी सीट छोड़कर महिला के पास पहुंच गए। अपने कक्ष से बाहर निकलकर उन्होंने भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराई तथा तत्काल महिला को दावा राशि का भुगतान भी कराया।



मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में जमा राशि का भुगतान लेने बुधवार को किसी तरह जगमोहिनी देवी मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण पहुंची थी। इस दौरान उनके अधिवक्ता विजय शंकर तिवारी भी मौजूद थे। अत्यधिक उम्र होने के कारण जगमोहिनी देवी अभिकरण की सीढ़ियां चढ़ने की बार-बार कोशिशें कर रही थी लेकिन सफल नहीं हो रही थी। बार-बार के प्रयास में थककर वे पास में बैठ गईं। बुजुर्ग महिला की हालत देख अधिवक्ता विजय शंकर तिवारी अभिकरण के पीठासीन न्यायाधीश के पास पहुंचे एवं बुजुर्ग महिला के लगातार कोशिशों के बावजूद अभिकरण की सीढ़ियां नहीं चढ़ पाने की जानकारी दी। बुजुर्ग महिला की अशक्तता की जानकारी मिलते ही अभिकरण के पीठासीन न्यायाधीश मुकेश तिवारी मानवता की मिसाल पेश करते हुए तत्काल अपने कक्ष से बाहर निकलकर सीढ़ियां उतरकर बुजुर्ग महिला के पास पहुंच गए। उन्होंने स्वयं ही प्रकरण में महिला के भुगतान की अग्रिम कार्रवाई पूरी की तथा तत्काल महिला के दावा राशि का भुगतान कराया। बुजुर्ग महिला ने पीठासीन न्यायाधीश मुकेश तिवारी की सहृदयता की जमकर सराहना की तथा ईश्वर से उनका मार्ग प्रशस्त करने की कामना की। मानवता के लिए की गई इस पहल को लेकर पीठासीन न्यायाधीश श्री तिवारी को न्यायालय परिसर में लोगों ने जमकर सराहा।

# बाइक सहित सड़क किनारे गिरे युवक, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


भदवा टिकरा मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कापू थाना अंतर्गत ग्राम सोनपुर निवासी विकेश्वर मांझी आ. ठाकुर राम (23 वर्ष) 22 जुलाई की दोपहर रिश्ते के भाई सुरेंद्र मांझी के साथ कापू से घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार भदवा टिकरा मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कापू अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवकों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान विकेश्वर की मौत हो गई वहीं सुरेन्द्र का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।


# आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम/बतौली

आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। गत दिन दोपहर खेत में रोपा लगाने जाने के दौरान तेज बारिश के साथ बतौली क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर आकाशीय बिजली गिरा जिसके चपेट में दोनों युवक आ गए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम करा पाटीपारा निवासी अनिल नगेसिया आ. बलराज नगेसिया (28 वर्ष) अपने ससुराल ग्राम मांजा गया था। गत दिन पत्नी बुधियारों के साथ खोत में रोपा लगाने जा रहे थे। तभी तेज बारिश होने पर अनिल जामुन पेड़ के नीचे खड़ा हो गया जबकि पत्नी खेत में रोपा लगाने चली गई। इसी बीच तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली पेड़ के समीप गिरा जिसके चपेट में आने से युवक मौके पर ही अचेत हो गया। पेड़ के नीचे अचेत पड़ा देख परिजन युवक को तत्काल बतौली अस्पताल





लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में कुनकुरीकला निवासी रोशन पैकरा आ. स्व. चेतन राम (17 वर्ष) गत दिन दोपहर मां लीलावती पैकरा के साथ ग्राम कुनकुरी स्थित खेत में रोपा लगाने गया था। दोपहर को अचानक बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से रोशन पैकरा मौके पर ही अचेत हो गया और कुछ देर बाद उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो रोशन मृत हालत में पड़ा हुआ था। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## दंपती की मौत, एक घंटे तक पानी में पड़ा रहा शव

# खेत में पानी डालने के लिए तार जोड़ते समय आए करंट की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खेत में पानी डालने के लिए तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आकर दम्पति की मौत हो गई। करंट की चपेट में आए पति-पत्नी की लाश एक घंटे तक मौके पर पड़ी रही। इस दौरान खेत के आस पास भी करंट दौड़ता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस मामले में मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम मुडेसा अवराडुगु निवासी 56 वर्षीय करीमन आ. जागर साय पत्नी 52 वर्षीय दिलकुंवर गोंड, पुत्र अजय सिंह, बहु कविता सिंह व दो पोतो 5 वर्षीय अर्पित और 7 वर्षीय ऋषि के साथ रहता था। करीमन की बहु कविता कुछ दिनों पहले अपने मायके गई हुई है। 22 जुलाई को करीमन का पुत्र किसी दूसरे के खेत में काम करने के लिए चला गया था जबकि उसके दोनों पोते स्कूल गए हुए थे। संभावना जताई जा रही है कि दोपहर 1 बजे छोटा पोता अर्पित आंगनबाड़ी स्कूल से वापस लौटा तो दादा दादी ने उसे



खाना खिलाया और उसके बाद बच्चा खेलने चला गया। इसी बीच लगभग 3 बजे घर के बगल में मौजूद खेत में धान रोपाई के लिए करीमन और दिलकुंवर गोंड भी चले गए। इसी दौरान खेत में पानी पटाने के लिए पास में मौजूद कुएं से पानी लेने करीमन ने तार खींच रहा था। मोटर पम्प का तार कटा हुआ था और जैसे ही ग्रामीण ने तार पकड़ा वह करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर गया। इसी दौरान उसकी पत्नी दिलकुंवर गोंड ने भी उसे बचाने का प्रयास किया होगा लेकिन तार के जमीन पर गिरने से करेंट पानी और आस पास के क्षेत्र में फैल गया और करंट की चपेट में आकर दिलकुंवर गोंड की भी मौत हो गई।

### बाल-बाल बचे बच्चे

घटना के बाद लगभग एक घंटे से अधिक समय तक दोनों के शव जमीन पर ही पड़े रहे। शाम 4 बजे जब अजय सिंह खेत से काम करके वापस लौटा तो उसके घर में कोई नहीं था। ऐसे में जब वह घर के बगल में मौजूद खेत में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। अजय सिंह ने शोर मचाकर अपने रिश्तेदारों को बुलाया और विद्युत सप्लाई बंद कराने के बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद लगभग एक घंटे तक दोनों के शव जमीन में पड़े थे और आस पास करंट फैला हुआ था। ऐसे में यदि बच्चे खेलते हुए खेत के पास पहुंच जाते तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश का लोक पर्व हरेली आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रकृति और कृषि से जुड़ा प्रमुख लोक पर्व हरेली 24 जुलाई को ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। हरेली पर्व प्रतिवर्ष सावन माह के अमावस्या को मनाया जाने वाला प्रमुख लोक पर्व है। यह दिन किसानों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस दिन किसान अपनी खेती के औजारों के अलावा पशुओं की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। माना जाता है कि इससे अच्छी फसल होती है और घरों में सुख -समृद्धि आती है। साथ ही इस दिन युवकों के द्वारा उत्साह के साथ गेडी दौड़ का आयोजन भी करते हैं और घरों में विशेष तरह के पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाते हैं। हरेली केवल कृषि व ग्रामीणों का पर्व ही नहीं है बल्कि यह प्रकृति के प्रति आभार सामुदायिक एकता और प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान का भी है।

### प्रशांत बने खाद्य विभाग के सांसद प्रतिनिधि



**मनेन्द्रगढ़।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने प्रशांत कुमार जायसवाल को खाद्य विभाग विकासखंड मनेन्द्रगढ़ का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति क्षेत्रीय प्रशासनिक कार्यों में समन्वय और जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए की गई है। श्री जायसवाल को मिली इस नई जिम्मेदारी पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने आशा जताई कि श्री जायसवाल जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में सहयोगी बनेंगे।

### जनदर्शन में आए 20 आवेदन

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने बीते 22 जुलाई को भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए।

### जिले में अब तक 498.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 8.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 681.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## रोजाना सैकड़ों लोगों की रहती है आवाजाही, सुधार की मांग

# कटोरा रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क बदहाल

जिले के नगर पंचायत पटना स्थित मुख्य मार्ग पर सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है, इसके चलते लोगों को आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मिली जानकारी के अनुसार पटना भैयाथान मार्ग पर कटोरा रेल्वे स्टेशन मोड के चौक के पास का सड़क इन दिनों बरसात में खस्ताहाल हो गया है, इसके मरम्मत करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसके चलते प्रतिदिन खस्ताहाल मार्ग से होकर कटोरा रेल्वे स्टेशन की ओर लोगों को आना-जाना पड़ रहा है। गायत्री मंदिर चौक के पास सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है।



बदहाल सड़क।

### दर्जनों बड़ी गाड़ियां गुजरती है प्रतिदिन

नगर पंचायत पटना के गायत्री मंदिर चौक के पास सड़क की हालत खस्ताहाल हो गई है। कुछ दिनों पूर्व अत्यधिक खराब स्थिति होने पर मुरूम डाल दी गई थी, लेकिन भारी बरसात के बाद फिर से स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। उल्लेखनीय है कि पाण्डवपारा कॉलरी क्षेत्र से प्रतिदिन दर्जनों बड़ी गाड़ियां कोयला लोडकर कटोरा साइडिंग तक कोल परिवहन करते हैं, इसके चलते चौक के पास स्थाई मरम्मत करने की जरूरत है।

### बाजार की मुख्य सड़क पर गड्ढ़ा

नवगठित नगर पंचायत पटना के मध्य स्थित बाजार का मुख्य मार्ग पर भी एक स्थान पर जानलेवा गड्ढ़ा हो गया है। इसमें इन दिनों बरसात में पानी भरा हुआ है। उक्त स्थल पर सावधानी से आवागमन नहीं किए तो जानलेवा गड्ढ़े के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। सड़क पर गड्ढ़ा काफी दिनों से है, लेकिन इसके सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि बाजार क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है, जिससे होकर प्रतिदिन लोगों का आना-जाना लगा रहता है।





विद्यालय परिसर में शराब की बोतलें।

# विद्यालय परिसर में शराब की बोतलें असामाजिक तत्वों का रहता है डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के मध्य स्थित प्रतिष्ठित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में शराब की बोतल किनारे हिस्से में पाई गई,जो यह जानने के लिए काफी है कि स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल बंद होने पर शाम ढलने के बाद शराबखोरी किया जाता है, जबकि कोरिया जिले के समस्त विद्यालयों में धुम्रपान निषेध परिसर का फ्लैक्सी लगाकर विद्यालय परिसर को सुरक्षित एवं धुम्रपान रहित क्षेत्र बनाने की दिशा में नशामुक्त क्षेत्र घोषिता किया गया है, बावजूद इसके शहर के मध्य स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय के किनारे हिस्से में बने सीढ़ियों पर शराब की बोतले पड़ी हुई मिली।

### मिनी स्टेडियम परिसर में भी नशाखोरी

स्वामी आत्मानंद व रामानुज विद्यालय के खेल मदान को मिनी स्टेडियम बनाया गया है। शाम ढलने के बाद मिनी स्टेडियम क्षेत्र में असामाजिक तत्व मिनी स्टेडियम के किनारे हिस्से में रात्रि के समय क्षेत्र के सूनेपन का फायदा उठाकर नशाखोरी के लिए करते हैं। कई बार मिनी स्टेडियम के किनारे हिस्से में शराब की बोतले बिखरी मिली हैं। आए दिन रात्रि में कई असामाजिक तत्व मिनी स्टेडियम के किनारे हिस्से में सुरक्षित नशा करने के लिए जुटते हैं।

# लापरवाह पशुपालक : बेजुबान गौवंशों की सड़क पर मौत

**बैकुण्ठपुर।** बीती रात्रि करीब 9:30 बजे जिला सत्र न्यायालय के सामने कलेक्टर ऑफिस रोड पर बैठे हुए गौवंशों के झुंड को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी और कार चालक मौके से फरार हो गया।

इस हादसे में तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गर्इं। घटना की सूचना मिलते ही सुबह गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे, ग्राम सचिव बनवारी साहू, बैकुंठपुर नगर पालिका के सफाई प्रभारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मृत गौवंशों का जेसीबी की सहायता से अंतिम संस्कार करवाया गया, वहीं घायलों को उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। यह समस्त कार्य नगर पालिका बैकुंठपुर की टीम ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए किया, जबकि यह क्षेत्र अब ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। पूर्व में यह क्षेत्र चरचा नगर पालिका में था, लेकिन अब ग्राम पंचायत के अधीन होने के बावजूद न तो ग्राम पंचायत और न ही चरचा नगर पालिका ने कोई जिम्मेदारी दिखाई। हादसे के 14 घंटे बाद भी चरचा नगर पालिका का कोई जवाबदार कर्मचारी घटना स्थल पर नहीं पहुंचा। ज्ञात हो कि कलेक्टर द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि सड़कों पर बैठे गौवंशों को हटाने के लिए विशेष टीम गठित की जाए, परंतु ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इन आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं।



### श्री छोटे सिद्धबाबा पंचमुखी हनुमान मंदिर नई लेदरी में रूद्राभिषेक

**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास के पावन अवसर पर द्वितीय सोमवार को श्री छोटे सिद्धबाबा पंचमुखी हनुमान मंदिर नई लेदरी में रूद्राभिषेक के उपरांत भव्य खीर भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव व हनुमानजी का पूजा-अर्चना किए और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं बुधवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रूद्राभिषेक, हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर समिति और सेवा भावी श्रद्धालुओं के सहयोग से विशाल खीर भंडारा आयोजित हुआ। इसमें सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धा से प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष रूद्राभिषेक किया जा रहा। पंडित त्रिभुवन नाथ पाण्डेय ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सेवा कार्य भी आयोजित किए जाएंगे।



■ श्रावण सोमवारी पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा

# बैकुंठपुर एरिया में बीएमएस का परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल के बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा आरओ, जोहिला, पंडोपारा एवं कटकोना माइंस को मिलाकर गठित बैकुंठपुर एरिया में बीएमएस यूनियन ने इस वर्ष सदस्यता सत्यापन में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

■ सदस्यता सत्यापन में 721 मतों से बनी नंबर 1 यूनियन

चरचा क्षेत्र की प्रतिष्ठित यूनियन वेरिफिकेशन प्रक्रिया 19 एवं 21 जुलाई को संपन्न हुई। इसमें बीएमएस यूनियन को 721 कर्मचारियों का विश्वास प्राप्त हुआ। कांग्रेस समर्थक इंटक यूनियन से 222 मतों के भारी अंतर से बीएमएस ने पहला स्थान हासिल किया। यूनियन वेरिफिकेशन के परिणाम जैसे ही जारी हुए, बीएमएस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। आतिशबाजी और नारेबाजी के बीच विजय जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने बीएमएस कार्यालय पहुंचकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी। पिछले वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष 2025 बीएमएस ने अपना खुद का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 1437 सदस्यता प्राप्त की। इसके बाद एचएमएस को 1086, एटक को 763, इंटक को 745 सदस्य मिले। वहीं नोटा (कोई नहीं) को 816 मत मिले ,जबकि सीटू यूनियन को लगातार दूसरे वर्ष कोई सदस्यता नहीं मिली।



### विजय के बाद कार्यकर्ताओं का जोश

बीएमएस यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि यह जीत श्रमिक साथियों की है। चरचा क्षेत्र के कर्मचारियों ने लगातार तीसरे वर्ष हमारा साथ दिया है। हमारी यूनियन सेवा और समर्पण की भावना से काम करती है और आगे भी श्रमिक हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील शर्मा, रंजीत चटराज, विनोद दुबे, प्रवीण डेहरिया, विजय मिंज, रघुपत मिश्रा, रणधीर सिंह, घनश्याम जायसवाल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हालांकि कुछ वरिष्ठ श्रमिकों ने यह भी सवाल उठाया कि सदस्यता सत्यापन के दौरान पदाधिकारी जिस सक्रियता और सहयोग का परिचय देते हैं, वे रवैया चुनाव बाद भी बना रहना चाहिए।

# ईडी के दुरुपयोग और महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ द्वारा दो चरणों में प्रभावशाली विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का पहला चरण प्रातः 12 से दोपहर 2 बजे तक पीडब्ल्यूडी तिराहा में चक्काजाम के रूप में आयोजित हुआ। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा ईडी के कथित दुरूपयोग, विपक्षी नेताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता बारिश के बावजूद सड़कों पर उतरे। इस दौरान टायर जलाकर मार्ग अवरूद्ध किया गया और भाजपा सरकार के विरूद्ध तीखी नारेबाजी की गई।

वहीं दूसरे चरण में दोपहर 2 बजे कार्यकर्ताओं ने आमाखेरवा स्थित छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय का घेराव किया और बिजली दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान महंगाई और जन समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी हुई और बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा गया। इस विरोध में जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, सेवा दल, अनुसूचित जाति-जनजाति, अल्पसंख्यक विभाग समेत सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल रहे। जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जब तक जनविरोधी नीतियों पर अंकुश नहीं लगेगा, कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी।



### जनप्रतिनिधि बन रहे टीबी मरीजों के निक्षय मित्र

**बैकुंठपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान को जिले में जनांदोलन बनाने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अपील अब असर दिखा रही है। टीबी मरीजों को पोषण सहायता देने निक्षय मित्र के रूप में अब जनप्रतिनिधि आगे आ रहे हैं। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी बचरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (स्वास्थ्य विभाग) श्रीमती सुषमा कोराम और जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (कृषि विभाग) श्रीमती स्नेहलता उदय ने अपने-अपने क्षेत्र के 5-5 टीबी मरीजों को गोद लेकर 6 माह तक प्रोटीन युक्त पोषण आहार देने की घोषणा की। श्रीमती सुषमा कोराम ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है।

### समन्वय से संचालित होगी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वच्छाग्रहियों के द्वारा संग्रहित किए जा रहे प्लास्टिक अपशिष्ट एवं निकायों में एकत्रित किए जा रहे प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत चनवारीडांड के एसआरएलएम सेंटर में शीघ्र स्थापित होगा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट, जिससे बिलिंग मशीन से एकत्रित प्लास्टिक को बंडल बना कर एवं सीडर मशीन से दाना बनकर प्लास्टिक का उपयोग संसाधन के रूप में किया जाएगा, इससे दोनों सेंटर की महिलाओं को जहां एक और आजीविका मिलेगी, वहीं दूसरी और एकत्रित प्लास्टिक से सड़क निर्माण एवं सीमेंट फैक्ट्री से अनुबंध स्थापित किया जाएगा। जनपद पंचायत भरतपुर के भरतपुर ग्राम पंचायत में भी इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। शीघ्र ही भरतपुर एवं खड़गवां में इन प्रबंधन इकाइयों के माध्यम से प्लास्टिक एकत्रीकरण और प्रबंधन को मूर्तरूप देने के लिए कवायद की जा रही है। प्लास्टिक प्रबंधन के लिए विगत दिनों लगभग 50 ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202507020700103**
विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-2025
फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-राजेश बराडे, अनावेदक पक्षकार- छ.ग.शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक राजेश बराडे आ. डब्ल्यू. एस. बराडे, निवासी केदारपुर, डॉ. पाठक गली, भगत सिंह वार्ड, केदारपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 340/1 में से रकबा 0.040 हे. भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर विक्रेता बालकृष्णा वर्मा से क्रय किया गया है। नामांतरण पश्चात खसरा नंबर 340/36 रकबा 0.040 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज हुआ तथा ऋण पुस्तिका प्रदाय किया गया। किन्तु त्रुटिवश उक्त खसरा नंबर में किसी अन्य व्यक्ति का नाम अंकित हो गया है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार कर उक्त खसरा नंबर में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08.08.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/07/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./92/अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज कुशवाहा आ. श्री रामभरोष कुशवाहा, जाति कोईरी, निवासी ग्राम रायकेरा, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 617/5 रकबा 0.024 हे. भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन चिकित्सा सेवाएं प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 30/07/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सीतापुर जिला-सरगुजा

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
प्रो.न.410/25
उ.प्र.क्र. 21/2025

1. श्रीमती शारदा पटेल पत्नी-स्व. दिनेश कुमार पटेल उम्र 30 वर्ष पेशा-गृहणी निवासी ग्राम ऊचडीह थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ.ग.) हाल मुकाम-गेल्हा पानी, मंदीर दफाई, नार्थ चिरमिरी जिला-एम.सी बी (छ.ग.)
2. यांशु पटेल पुत्र स्व. दिनेश कुमार पटेल उम्र-7 वर्ष पेशा-छात्र नाबालिक द्वारा माता एवं वली-श्रीमती शारदा पटेल पत्नी-स्व. दिनेश कुमार पटेल उम्र-30 वर्ष पेशा-गृहणी निवासी ग्राम ऊचडीह थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ.ग.) हाल मुकाम-गेल्हा पानी मंदीर दफाई, नार्थ चिरमिरी जिला एम.सी.बी (छ.ग.)

-------आवेदिकागण

-:प्रति:-

1. पुलिस अधीक्षक सरगुजा, कार्यालय-पुलिस अधीक्षक, कलक्ट्रोरेट परिसर अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)
2. आम जनता -------अनावेदकगण

**आवेदन पत्र अंत्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम ऊचडीह थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ.ग.) हाल मुकाम-गेल्हा पानी मंदीर दफाई, नार्थ चिरमिरी जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) एवं हितबद्ध नागरिको को सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पिता एवं पति स्व. दिनेश कुमार पटेल की मृत्यु दिनांक 06/05/2025 को लुण्ड्रा में होना बताते हुए स्व. दिनेश पटेल के मृत्यु उपरांत पुलिस अधीक्षक सरगुजा, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, कलक्ट्रोरेट परिसर अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के कार्यालय में ग्रेजुएटी-जी.पी. एफ. आदि की जमा राशि लगभग 10,00,000/- (दस लाख) रू. भुगतान किये जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईस्तेहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक-08/08/2025 को नियत है।

अतः इस ईस्तेहार के माध्यन से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. दिनेश पटेल के मृत्यु उपरांत पुलिस अधीक्षक सरगुजा, कार्यालय पुलिस अधीक्षक कलक्ट्रोरेट परिसर अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के कार्यालय में जमा राशि को भुगतान किये जाने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि-08/08/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिका को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 10/7/25 को जारी किया गया।

(सुमित कुमार हर्षयाना)
न्याया.-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ. आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजिस्ट)
डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & Respiratory diseases)
दमा, टीबी, छाती एवं एलर्जी
दिनांक 27 जुलाई, दिन - रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 3 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक -19 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम
स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक -27 जुलाई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास
दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 27 जुलाई 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश अग्रवाल
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ. भाविक शाह
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो. 8120906000 | 8120809000

## खबर संक्षेप

### अंडर-14 एवं अंडर-16 सरगुजा क्रिकेट संघ का ट्रायल 27 को

**अम्बिकापुर।** सरगुजा क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गो के ट्रायल की तिथियां घोषित कर दी है जिसके तहत अन्डर 14 और अंडर 16 बॉयज का ट्रायल गांधी स्टेडियम में 27 जुलाई की सुबह 8 बजे से होना है। ट्रायल के दिन सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट के सफेद पोशाक में अपने क्रिकेट किट सहित दिए गए समय में उपस्थित होना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए सभी खिलाडियों को ओरिजनल पिछले 6 वर्षों की अंकसूची, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मोबाईल नम्बर सहित दो फोटो और 500 फीस लेकर आना अनिवार्य होगा। इस वर्ष अन्डर 14 का कट ऑफ डेट 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 और अंडर 16 का कट ऑफ डेट 1 सितम्बर 2010 से 31 अगस्त 2012 है। इसके बीच के ही खिलाडी ट्रायल में पात्र होगें। चयन ट्रायल के सेलेक्टर संजय सिंह, राजेश अग्रवाल, अमित सिन्हा होंगे। यह ट्रायल स्थानीय स्तर पर राज्य स्तरीय चयन की दिशा में पहला कदम है। वर्षा ऋतु के बाद क्रिकेट सीजन शुरू हो जाता है इसलिए अभी से सरगुजा क्रिकेट संघ जिले की खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया में 30 खिलाड़ियों चयन कर, प्रशिक्षण कैंप लगाकर,आपस में मैच खिलाकर अंतिम 16 खिलाड़ियों की टीम बनाने का निर्णय संघ द्वारा किया गया है।जिसमें प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को भविष्य में जिले एवं राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। उक्त जानकारी संघ के सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने दी है।

### साप्ताहिक बाजार में लगाया गया आयुष स्वास्थ्य शिविर



**लखनपुर।** बुधवार को विकासखंड के साप्ताहिक बाजार में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सुरेश जायसवाल, सचिन अग्रवाल संहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों ने भगवान धनवंतरी की विधि विधान से पूजा करते हुए निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। आयुष स्वास्थ्य शिविर में 452 मरीज का जांच सह उपचार उपरांत दवा का वितरण किया गया। इस दौरान सिविल प्रभारी आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूके साहू, डॉ. श्रीमती रेखा प्रसाद, डॉ. आरके शुक्ला डॉ. आदित्य गुप्ता, लंकेश्वर मरकाम, धनंजय पटेल देवेंद्रपांडे, अनीता गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### डेडरी सलका स्थित घुनघुट्टा नदी के तेज बहाव में फंसी युवती का किया गया रेस्क्यू

**बिश्रामपुर।** ग्राम डेडरी सलका स्थित घुनघुट्टा नदी में मंगलवार को एक युवती के नदी के तेज बहाव में फंस जाने की सूचना पर डीडीआरएफ



सुरजपुर की टीम ने काफी मशक्कत उपरांत युवती को सुरक्षित बचा लिया है।मंगलवार को जैसे ही बाढ़ नियंत्रण कक्ष को नदी के तेज बहाव में फंस जाने की सूचना मिली,जिला सेनानी संजय गुप्ता के निर्देशन में रेस्क्यू टीम को रवाना किया गया।टीम प्रभारी बीरबल गुप्ता के नेतृत्व में बृजबिहारी, तुलेश्वर, शिवप्रताप मार्को, अजीत, नेमसाय और होलसाय की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच घुनघुट्टा नदी के तेज बहाव से संघर्ष करते हुए युवती को बाहर निकाल लिया।टीम द्वारा बचाई गई युवती ने अपना नाम कालेश्वरी पिता विफल देवांगन निवासी गोपालपुर सूरजपुर बताया है।अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह नदी में कैसे पहुंची,यह हादसा था या आत्महत्या का प्रयास।घटना के बाद सुरजपुर पुलिस ने युवती से पूछताछ कर उसके परिजनों को सूचना दे दी है।मौसम विभाग द्वारा भी हाल के दिनों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है, जिससे क्षेत्र की नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में नदियों के आसपास न जाएं।नदी से सटे ग्राम पंचायतों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### टांगी से ग्रामीण पर हमला आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्रामीण पर टांगी से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पस्ता थाना के डबरा चौकी अंतर्गत ग्राम पकरारी निवासी 38 वर्षीय धरमसाय पैकरा ने पुलिस को शिकायत की थी कि गांव के ही 45 वर्षीय राम प्रीत पैकरा आ. बृजमोहन पैकरा ने पुरानी रंजिश के कारण हत्या करने की नीयत से टांगी से गले में हमला किया। इस घटना की शिकायत ग्रामीण ने 22 अगस्त को की जिसके बाद पुलिस ने मामले में आरोपी राम प्रीत पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 109 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी डवरा विजय दुबे, सउनि रोपन राम पैकरा, प्रधान आरक्षक अमोल कश्यप, शैलेंद्र सिंह, आरक्षक बुद्धिमान सिंह, बजरंग राम, सकेंद्र पैकरा, फूलसाय पावले, सौरभ केरकेट्टा सक्रिय रहे।

## पूर्व में नगर निगम व यातायात विभाग ने हटाया था अतिक्रमण

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने निजी एम्बुलेंस व वाहनों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने ठेला व निजी एंबुलेंस सहित वाहनों के कब्जा कर लेने से न सिर्फ आवागमन बाधित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पूर्व में नगर निगम व यातायात विभाग द्वारा अस्पताल के सामने से ठेला, गुमटी समेत निजी एंबुलेंस व वाहन को हटाया था। लेकिन फिर से पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई है। इधर निजी एंबुलेंस व वाहन संचालक के एजेंट न सिर्फ सक्रिय रहते है बल्कि मरीज के परिजन को गुमराह कर निजी अस्पताल ले जाने के बहाने मरीज के परिजन से मोटी रकम वसूलते है। अस्पताल के सामने निजी एंबुलेंस एवं वाहनों सहित ठेला की भरमार होने से अस्पताल प्रबंधन ने पुनः हटाए जाने के लिए नगर निगम व पुलिस प्रशासन को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की है।

**खास बात**

- रेफर मरीज को दूसरे अस्पताल पहुंचाने वसूलते है मोटी रकम

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले सहित दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उपचार कराने आते है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल कुछ साल के भीतर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो जाने से मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे में निजी एंबुलेंस व वाहन चालकों में कुछ घंटों के भीतर ही मोटी रकम कमाने की प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। आलम यह है कि अस्पताल के सामने निजी एंबुलेंस व वाहनों की भरमार है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल से मरीज ले जाने के लिए निजी एंबुलेंस व वाहन पर प्रतिबंध लगाया है। ऐसे में निजी एंबुलेंस व वाहन संचालक इतने शातिर है कि अस्पताल में अपने एजेंट सक्रिय कर रखे है जो जिले सहित दूर दराज क्षेत्र से सड़क दुर्घटना, सर्पदंश सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित गंभीर मरीजों के पहुंचने पर उनके पीछे पड़ जाते है। एजेंट अस्पताल में दाखिल मरीज के परिजन को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से बेहतर उपचार शहर के निजी अस्पताल में होने की बात बताकर झांसे में लेते है और अपने निजी एंबुलेंस व वाहन से मरीज को पहुंचाने के बहाने उनसे मोटी रकम वसूल लेते है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने निजी एंबुलेंस व वाहन के बड़ी संख्या में खड़ा रहने तथा आवागमन में हो रही परेशानी के मद्देनजर नगर निगम व यातायात विभाग द्वारा पूर्व में अस्पताल के सामने से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया था। संयुक्त टीम द्वारा ठेला,गुमटी व वाहनों को अस्पताल के सामने से हटाया और पुनः नहीं लगाने की हिदायत दी थी। परंतु कार्रवाई के कुछ दिन बाद पुनः अस्पताल के सामने पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई जो अस्पताल के स्टाफ, मरीज के परिजन सहित राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गत दिन अस्पताल प्रबंधन ने निजी एंबुलेंस, वाहन व ठेला को हटाने के लिए नगर निगम व पुलिस प्रशासन को पत्र लिख कार्रवाई किए जाने की मांग की है जिससे अस्पताल के सामने यातायात व्यवस्थित एवं अस्पताल स्टाफ के आने जाने से परेशानी न हो सके।



अस्पताल के सामने खड़े एम्बुलेंस व वाहनों की भीड़।

**हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने ठेला गुमटी के अलावा निजी एंबुलेंस व वाहन के खड़ा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। एमसीएच परिसर स्थित महिला वार्ड से कई बार मरीज को स्ट्रेचर से विभिन्न जांच कराने के लिए सड़क पार कर जांच कराने ले जाना पड़ता है। ऐसे में सड़क पर ठेला, वाहनों के खड़ा होने तथा भीड़ भाड़ के कारण कभी ही बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**परिजन को करते है गुमराह**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सक्रिय निजी एम्बुलेंस संचालको अस्पताल से मरीज को ले जाने पर नए तरीका अपनाते है। अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन को न सिर्फ निजी अस्पताल में बेहतर उपचार को झांसा देते है बल्कि उनके मरीज को पहुंचाने के लिए उनसे मोटी रकम वसूल लेते है। इसके अलावा रेफर मरीज को भी एंबुलेंस से ले जाने के लिए अस्पताल परिसर के बाहर ही एजेंट सौदा तय करते है। पहुंचाने की बात कहने के बाद परिजन से आने-जाने का किराया वसूल कर लेते है।

**लिखा गया है पत्र**

अस्पताल के सामने निजी एंबुलेंस व वाहन के अलावा ठेला, गुमटी लगाए जाने से आने जाने में काफी परेशानी होती है। पूर्व में भी नगर निगम आयुक्त व यातायात विभाग से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद अतिक्रमण हटाया गया था। अब पुनः अस्पताल के सामने वाहन व ठेला लगाने लगे है जिसे हटाने के लिए नगर निगम व पुलिस प्रशासन से कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा गया है।

-डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक

## राशि डबल करने का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



रकम डबल करने तथा 12 प्रतिशत की दर से प्रतिमाह ब्याज राशि देने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक नगर के एक स्थानीय व्यक्ति ने गत दिन कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि संजीत अग्रवाल द्वारा शुभ निवेश कोचिंग सेंटर चलाने के दौरान पिछले साल माह अप्रैल-मई में यह स्टॉक मार्केट का क्लास करता था। इसी दौरान संजीत अग्रवाल द्वारा प्रलोभन दिया कि 10 लाख रुपये लगाने पर हर महीने 12 प्रतिशत की दर से ब्याज राशि दिया जाएगा और अंत में मूल रकम वापस कर दिया जाएगा। जिसके झांसे में आकर 12 अप्रैल 2024 को अपने बैंक खाता से संजीत अग्रवाल के खाता 10 लाख रुपये दिया। कुछ दिन बाद पुनः 90 दिन में रकम दुगुना करने का प्रलोभन दिया गया जिस कारण यह पुनः 11 लाख रुपये संजीत अग्रवाल के खाता में दिया। उसके बदले में संजीत अग्रवाल के द्वारा अपने बैंक खाता का एक 10 लाख और एक 11 लाख रुपये का चेक दिया। 90 दिन की अवधि पूर्ण होने पर जब संजीत से पैसा की मांग किया तो वह टाल मटोल करने लगा और बाद संजीत अग्रवाल अपने मोबाइल फोन को बंद करके फरार गया। संजीत अग्रवाल अपना कोचिंग सेन्टर को भी बंद कर दिया। संजीत अग्रवाल द्वारा 12 प्रतिशत ब्याज प्रति माह व रकम दोगुना करने का झांसा देकर 21 लाख रूपये का ठगी किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरू। धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इस बीच पुलिस द्वारा मामले की विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन कर मुखबिर की सूचना के आधार पर बिलासपुर में दबिश देकर आरोपी भैयाथान रोड निवासी संजीत अग्रवाल आ. कन्हैयालाल अग्रवाल (35 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर उसने धोखाधड़ी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से 3 दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया है। प्रकरण के आरोपी के विरूद्ध पूर्व में 40 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी करने का भी अपराध पंजीबद्ध हो चुका है।

### फेल विद्यार्थियों को पास कराने का झांसा देकर वसूली, कुलसचिव ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अम्बिकापुर।** सेमेस्टर परीक्षा में फेल विद्यार्थियों को पास कराने का झांसा देकर ऑनलाइन राशि वसूलने के मामले में एसजीजीयू के कुलपति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसजीजीयू के कुलसचिव डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा सेमेस्टर के परीक्षा में फेल छात्र-छात्राओं की फोन कर पास कराने का झांसा देकर राशि वसूलने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इस संबंध में आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कुल सचिव एवं एसपी से मिलकर मामले की शिकायत की थी। शिकायत में छात्र-छात्राओं का मोबाइल नम्बर 7073058685 से फेल छात्रों को फोन कर आरोपी पास कराने का झांसा देकर फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन रात्रि वसूलने की जानकारी दी थी। छात्रो ने आरोपी द्वारा 15 से अधिक छात्र-छात्राओं ठगी का शिकार बनाने की शिकायत की थी। कुछ पीड़ित विद्यार्थियों ने कुल सचिव की भुगतान का राशि भी प्रस्तुत किया था। छात्रों की शिकायत पर सोमवार की शाम कुलसचिव डॉ. त्रिपाठी ने कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति परीक्षार्थी को प्रात्र अंको में बदलाव नहीं कर सकता है। ऐसा संभव भी नहीं है। विद्यार्थी ऐसे लोगों के झांसे में न आएं तथा कड़ी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करें। मामले में रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

# क्रमिक भूख हड़ताल तीन दिनों से अनवरत जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक



केतकी खदान में कार्य करने वाले ठेका मजदूर अपनी नौ सूत्रीय मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे है। बताया जा रहा है तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक मांग पर कोई सार्थक पहल नहीं किया गया है जिससे आक्रोशित श्रमिक भूख हड़ताल को अनवरत जारी रखा है।

- नौ सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे भूख हड़ताल

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एमडीओ मोड की केतकी खदान में एटक के बैनर तले ठेका श्रमिकों द्वारा 9 सूत्रीय मांग को लेकर 5 दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे जिसका तीसरा दिन संपन्न हुआ है। केतकी खदान के ठेका श्रमिकों के क्रमिक भूख हड़ताल के पहले दिन पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े ने केतकी खदान पहुंचकर धरना स्थल पर उपस्थित ठेका श्रमिकों से कहा कि जब भी किसी शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग या कंपनी खुलती है तो सबसे पहले आसपास के बेरोजगार युवाओं को नौकरी की आस लगी होती है। यही सत्य है जहां आसपास के सैकड़ों युवा बीटीसी प्रशिक्षण करके बेरोजगार घूम रहे है और ठेकेदार पड़ोसी जिला या बाहर से लेबर लाकर काम दे रहे है, जिससे स्थानीय ग्रामीण रोजगार से वंचित हो जा रहे है। वही दूसरी ओर कुछ ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया है उसमें जमकर कमीशन खोरी हो रही है जो बर्दाश्त से बाहर है। एसईसीएल प्रबंधन और एसएमएस कंपनी के ठेकेदार मिलकर शोषण कर रहे हैं। मजदूरों से काम लेने के बाद आधा पैसे का भुगतान करना आपराधिक कृत्य है, जो ठेका श्रमिक वेतन वापसी का विरोध करता है उसे काम से बैठा दिया जाता है। जबकि एग्रीमेंट पेपर में लिखा है उसका एक भी नियम का पालन नहीं करना खान प्रभावित क्षेत्र के श्रमिक का शोषण है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज तीसरा दिन बीत गया है लेकिन एसएमएस कंपनी के ठेकेदारों और न ही कंपनी के किसी अधिकारी इस गुत्थी सुलझाने की कोशिश की है जिससे श्रमिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हड़ताल में बैठे सोमरसाय देवांगन ने बताया कि अभी तक हमारी मांगों को पर कम्पनी द्वारा कोई उचित विचार नहीं किया है। केवल आश्वासन से हड़ताल स्थगित करना चाहता जो अब संभव नहीं है। इस दौरान संत लाल, जवाहर, प्यारे लाल, रामपाल, सुरेंद्र राजवाड़े, सुखलाल सिंह, अब्दुल हनन, मोहन मोहरे, महेंद्र किंडो, रमेश पैकरा, सुखराम रविन्द्र पैकरा, सुमारसाय सहित बड़ी संख्या आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन का कोल इंडिया प्रबंधन के साथ पुरानी मांगों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया लिमिटेड के इतिहास में एक बार फिर कर्मचारियों की आवाज बुलंद हुई और वर्षों से लंबित पड़ी प्रमोशन नीति,रिक्त पदों की भर्ती और कोरोना काल से प्रभावित अभ्यर्थियों के भविष्य को लेकर अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑफिशियल्स एसोसिएशन की मांगों पर प्रबंधन को आखिरकार गंभीरता से विचार करना पड़ा।

23 जुलाई को प्रस्तावित अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑफिशियल्स एसोसिएशन का धरना अब टाल दिया गया है,लेकिन यह पीछे हटना नहीं,बल्कि रणनीतिक इंतजार बताया गया है।ज्ञात हो कि गत दिनों 21 जुलाई को कोल इंडिया के साथ एसोसिएशन की बैठक हुई, इस अहम बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव आरके तिवारी की अगुवाई में अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑफिशियल्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने चार मुख्य मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।इस चर्चा ने जहां कर्मचारियों को राहत की उम्मीद दी,वहीं प्रबंधन ने भी खुलकर जवाब दिए और कई मामलों में सैद्धांतिक सहमति जताई है।अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑफिशियल्स एसोसिएशन ने बैठक में वर्षों से अटके हुए प्रमोशन मामले को उठाया।प्रबंधन ने इस मुद्दे पर सकारात्मक संकेत देते हुए आश्वासन दिया कि सीमित प्रमोशन की व्यवस्था पर विचार किया जाएगा, इससे हजारों कर्मचारियों को कैरियर ग्रोथ का मौका मिलेगा।अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑफिशियल्स एसोसिएशन ने सन 1993 की पुरानी सुपरवाइजरी केडर स्कीम को बदलने का प्रस्ताव रखा है। उनकी मांग है कि माइनिंग सरदार व ओवरमैन को भी टाइम बॉन्ड प्रमोशन की श्रेणी में लाया जाए, जिससे प्रत्येक तीन साल में ग्रेडवाइज पदोन्नति तय हो।यह कदम यदि लागू हुआ तो अधिकारियों की तरह तकनीकी कर्मियों को भी 9 ग्रेड तक पदोन्नति मिलेगी।

संगठन ने यह मुद्दा भी उठाया कि कोल इंडिया की सहायक कंपनियों में 3234 से अधिक वैधानिक पद रिक्त हैं, जिनमें माइनिंग सरदार,ओवरमैन और सर्वेयर जैसे पद प्रमुख हैं। प्रबंधन ने बताया कि इन रिक्तियों की जानकारी पहले ही पत्र संख्या 858 के माध्यम से सहायक कंपनियों को भेजी जा चुकी है और जल्द ही भर्ती प्रक्रिया को लेकर निर्देश जारी होंगे।कोरोना काल के चलते कई योग्य अभ्यर्थी नियुक्तियों की तय उम्र सीमा पार कर चुके हैं।संगठन ने मांग किया कि ऐसे उम्मीदवारों को कम से कम 5 वर्ष की छूट दी जाए ताकि उनका भविष्य बर्बाद न हो। प्रबंधन ने कहा कि यह मांग भी विचाराधीन है और तकनीकी उप-समिति को सौंपा जाएगा।

### गिरने से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** वृद्धा आश्रम में गिरने से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जगदीश प्रसाद गुप्ता स्व. बनारसी दास गुप्ता (60 वर्ष) 2021 से शहर के वृद्धाश्रम में रह रहा था। 20 जुलाई की शाम आश्रम में ही पानी पीने जा रहा था। इसी दौरान गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आश्रम के कर्मचारियों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर आश्रम कर्मचारियों के सुपुर्द किया है।

### मंदिर परिसर में की गई कांवरियों के लिए भोजन व्यवस्था

**प्रतापपुर।** कदम पारा चौक श्याम मंदिर के सामने शंकर मंदिर परिसर में कांवरियों के लिए भोजन, दवाई, फल की व्यवस्था एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। शंकर घाट से जल लेकर आते हुए कांवरियों के लिए कल्याणपुर, खडगांव, केरता, धरमपुर, प्रतापपुर, शिवपुर बाबा जलेश्वर नाथ में जलपान सहित भंडारे की व्यवस्था की गई है। पूरे रास्ते भर फल वितरण किया जा रहा है। प्रतापपुर पहुंचकर भोजन की भी एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है। यह सेवा पूरे सावन भर चलती है। आशीष गोयल यह सेवा पिछले 4 वर्षों से कर रहे है। इस सेवा में उनकी पूरी टीम मिलकर उनके साथ दे रही जिसमें शिबू सिंह, आशु द्विवेदी, दीपक कश्यप, लक्ष्मण यादव, जगत लाल, किशोर सोनी एवं नगर उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, राजेश कश्यप सहित अन्य सक्रिय है। सावन माह में पूरा नगर भक्तिमय दिखाई दे रहा है। ज्ञात हो कि पूरे सावन भर कांवड़ियों का भीड़ पूरे रास्ते भर दिखाई देती है। प्रतापपुर में बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम, प्राचीन शिवलिंग पक्की तालाब के सामने मंदिर एवं पारदेश्वर शिवलिंग प्रतापपुर में विराजमान है।



# रेणुका नदी से जल उठाकर बोल बम के नारे के साथ देवगढ़ धाम निकले कांवरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सावन माह के दूसरे सप्ताह में आज हजारों की संख्या में कांवरियां रेणुका नदी से जल उठाकर देवगढ़ धाम के लिए रवाना हुए। तडके से बड़ी संख्या में शिव भक्त रेणुका नदी छठ घाट पहुंचे जहां बोल बम के नारा लगाते हुए जल उठाकर 40 किमी दूर देवगढ़ धाम के कठिन यात्रा के लिए निकले कांवरिया का जल पान के लिए जगह जगह विभिन्न समितियों द्वारा व्यवस्था की गई थी। वही कांवरियों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए है।

- 40 किमी पैदल यात्रा कर अर्धनेरश्वर भोलेनाथ का करेंगे जलाभिषेक



सावन माह के शुरू होते ही शिव भक्तो का बैजनाथ धाम सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक के लिए कांवरियों की टोली का रवाना होने का सिलसिला शुरू हो गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवगढ़ धाम जाने के लिए कांवरिया तड़के स्थानीय रेणुका नदी के छठ घाट पहुंचे जहां जल उठाकर देवगढ़ धाम के लिए रवाना हुए। सामूहिक रूप से कांवरियों के देवगढ़ जाने का आयोजन मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार द्वारा किया गया है। इस वर्ष बड़ी संख्या में बच्चे से लेकर युवा, बुढे व बड़ी संख्या में महिलाओं ने हर हर महादेव के नारे के साथ भगवा वस्त्र धारण कर काफी उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए। कांवरिया 40 किमी का सफर पैदल तय कर देवगढ़ धाम पहुंचेंगे जहा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालु कांवरियों को सफर में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर विभिन्न समितियों द्वारा विभिन्न जगहों पर कांवरियों के विश्राम तथा जलपान की व्यवस्था किए है। कांवरियों में काफी उत्साह देखा गया और सुबह से दोपहर तक रेणुका नदी छठ घाट में श्रद्धालु जल उठाने का सिलसिल चलता रहा।

**जगह-जगह की गई है जलपान की व्यवस्था**

मां शारदा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नमदगिरी द्वारा छुईमोड़ केतका जंगल में, श्याम सेवा समिति, सवारियां सेठ सेवा समिति द्वारा परसानाला मोड़ केतका जंगल में, नवयुवक जागृति मंच मंदिर पारा द्वारा बेलटिकरी चौक केतका में, व्यापारी संघ देवनगर समिति द्वारा शिवरिया धाम केतका में, मैसर्स बैजनाथ अग्रवाल द्वारा नेहरू पार्क रोड प्राथमिक शाला बालक आश्रम केतका में, मैसर्स घीसूराम विजय कुमार अग्रवाल शंकर लाज द्वारा हाई स्कूल ग्राउंड केतका में पुड़ी, आलू चना की सब्जी, कढ़ी पकोड़ा की सब्जी, चावल, करोंदा की चटनी, बूंदी, पानी की व्यवस्था की गई थी।

**पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में अलसुबह से ही नगर में पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही। एक साथ हजारों कांवरियों के जल उठाने पहुंचने तथा यातायात व्यवस्था एवं कांवरियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके मद्देनजर जगह-जगह पुलिसिंग व्यवस्था की गई। छठ घाट,लांची,बेलटेकरी,केतका, महगंई आदि सभी जगह में पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।



## खबर संक्षेप

### आरटीआई में लापरवाही पर दो पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस

**प्रतापपुर।** सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी न देने और राज्य सूचना आयोग के आदेश की अनदेखी पर जनपद पंचायत प्रतापपुर ने सख्ती दिखाते हुए दो पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस ग्राम पंचायत बगड़ा के सचिव राम मूरत राम और खैराडीह-सौंतार के सचिव टामेश्वर सिंह को जारी किया गया है। शिकायतकर्ता महेन्द्र कुमार गुप्ता ने 16 जुलाई को आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी, जिसे संबंधित सचिवों को भेजा गया था। मगर दोनों मामलों में लापरवाही सामने आई। राम मूरत राम ने आयोग के स्पष्ट आदेश के बावजूद जानकारी के स्थान पर सादा कागज भेजा, जो सीधे तौर पर कानून की अनदेखी माना गया। वहीं टामेश्वर सिंह ने आज तक कोई भी जवाब नहीं दिया और न ही आयोग या जनपद को कोई सूचना दी।

### मोमिन कामरान बने मीडिया प्रभारी, इरफान खान को मिली संगठन मंत्री की जिम्मेदारी

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर ब्लॉक में रज़ा यूनिटी फाउंडेशन ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मज़बूत करने की दिशा में दो अहम नियुक्तियों की घोषणा की है। यह





नियुक्ति समाज में नेतृत्व, जवाबदेही और संवाद की नई दिशा तय करने की संकेत मानी जा रही हैं। मोमिन कामरान को फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी सामाजिक सक्रियता, निष्पक्ष सोच और जनहित में लगातार रहने की क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं दूसरी ओर सामाजिक सौहार्द और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से इरफान खान को ब्लॉक संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है।

### लालच से दूरी बनाने पर साइबर अपराध से बचाव संभव




**सूरजपुर।** साइबर सुरक्षा और ऑनलाईन धोखाधड़ी जोखिमों को कम करने के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस द्वारा साइबर कॉप अभियान के तहत जन जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां पुलिस द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल पंपापुर के स्कूली बच्चों को साईबर अपराध से बचाव के लिए कई जरूरी बातों से अवगत कराया। साथ ही साइबर सुरक्षा से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। चौकी प्रभारी खड़गवां रघुवंश सिंह ने साइबर अपराधों से बचने के लिए छात्रों को कई महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए कहा कि लालच से दूरी ही साइबर अपराध से बचाव का एक प्रमुख जरिया है। यदि व्यक्ति में लालच नहीं होगा तो वह किसी बहकावे में नहीं आएगां और साइबर अपराध व धोखाधड़ी से बचाव हो सकेगा। चौकी प्रभारी ने लेन-देन, सोशल मीडिया के लिए मजबूत पासवर्ड बनाने और नियमित पासवर्ड अपडेट करने, वाटसएप, टैक्स मैसेज, ईमेल में संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करने से सावधान रहना चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट तुरंत पुलिस से करनी चाहिए।

### करंजी में अधेड़ ग्रामीण ने लगाई फांसी, मौत

**बिश्रामपुर।** ग्राम करंजी निवासी 45 वर्षीय अधेड़ ग्रामीण संतोष सिंह पिता अर्जुन सिंह ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगा ली,परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक की पत्नी की दो वर्ष पूर्व मौत हो गई थी,तबसे मृतक तनाव में रहता था और अधिक शराब सेवन करने लगा था।घटना बुधवार 22 जुलाई की बताई गई है जब वह शराब के नशे में अपने घर आया और अपना कमरा बंद कर लिया, देर शाम तक कमरा नहीं खुलने से परिजनों ने जब उसे जगाया तो कमरे के भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली,तत्पश्चात जब परिजन सीढ़ी लगाकर उसके कमरे में झांके तो पाया कि वह भीतर मयार में नाईलॉन की रस्सी के सहारे लटका हूआ है।सूचना पर मौके पर पहुंची करंजी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

### बाइक की टक्कर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**बतौली/सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर अब लोगों का पैदल चलना भी भारी पड़ने लगा है। बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मवेशी लेकर पैदल जा रहे ग्रामीणों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक ग्रामीण की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम 8 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर बासेन और सेदम के बीच पेट्रोल पंप के समीप बैल लेकर राजापुर जा रहे दो ग्रामीणों को पीछे से आ रहे बाइक सवार युवकों ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में लुंड्रा थाना क्षेत्र के पटोरा निवासी गुलाब सिंह उर्फ ढोलू आ. खोरा (60 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई जबकि साथी शंभू तिग्गा बाल बाल बचे। शंभू तिग्गा ने बताया कि ग्राम पटोरा से एक जोड़ी बैल को वह गुलाब सिंह से खरीदा था जिसे अपने बहन घर राजापुर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बाइक में सवार द्वारा पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक में तीन लोग सवार थे। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## 2 किमी की दूरी तय करने में लग रहा 45 मिनट

# एसजीजीयू के संपर्क मार्ग में मिट्टी कटाव एवं दलदल होने के कारण बढ़ी दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- एक दशक से नहीं हुई मरम्मत, विवि नहीं कर रहा पहल

संत गहिरा गुरू के प्रशासनिक भवन का स्थानांतरण भकुरा परिसर में होने व संपर्क मार्ग के बदहाल होने के कारण विवि की दूरी बढ़ गई है। विवि को एनएच 343 से जोड़ने वाली सड़क में खतरनाक कटाव होने एवं जगह-जगह दलदल एवं बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है।

पिछले चार महीनों से एसजीजीयू के प्रशासनिक भवन का संचालन भकुरा परिसर से किया जा रहा है। पिछले पांच सालों से निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन अभी भी अधूरा पड़ा है। विवि प्रबंधन परिसर को आबाद करने के उद्देश्य से कार्यालय का संचालन कर रहा है। हालांकि अभी भी कुलपति कार्यालय पुराने भवन में ही संचालित हो रहा है। भूमि आवंटित होने के बाद विवि प्रबंधन ने एक दशक पूर्व एनएच 43 से विवि परिसर के मुख्य द्वार तक संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। संपर्क मार्ग के एक तरफ ऊंची जमीन होने एवं दूसरी तरफ खाई होने के कारण सड़क का लगातार कटाव हो रहा है। कई स्थानों की सड़क बह गई है तथा बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। मुख्य मार्ग से विवि परिसर के मुख्य द्वार की दो किमी लम्बी खतरनाक बन चुकी सड़क का सफर तय करने में 45 मिनट से अधिक का समय लग रहा है। सावधानी से सफर करने के बावजूद आए दिन विद्यार्थी एवं कर्मचारी गड्ढों एवं दलदल के कारण गिरकर घायल हो रहे हैं। चार पहिया वाहनों से आवागमन करना भी खतरनाक हो गया है। परीक्षा, परीक्षा परिणाम एवं प्रमाण पत्र की त्रुटियों के सुधार के लिए संभागभर के विद्यार्थी प्रशासनिक कार्यालय पहुंचते हैं विवि परिसर तक आवागमन का साधन नहीं होने के कारण विद्यार्थी एवं अभिभावक निजी वाहनों से खतरे के बीच आवागमन करते हैं। संपर्क मार्ग विवि का हिस्सा नहीं होने के कारण एसजीजीयू के अधिकारी इसकी मरम्मत कराने की पहल नहीं कर रहे हैं। तकनीकी विभाग, अधिकारी व प्रशासन भी खतरनाक सड़क पर ध्यान नहीं दे रहा है।



विश्व विद्यालय तक जाने का जर्जर संपर्क मार्ग।

**नहीं बनी आंतरिक सड़कें**

विवि को आवंटित ग्राम पंचायत भकुरा की पहाड़ियों पर समतल भूमि की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण सामग्री पहुंचाने के लिए ठेकेदारों ने जेसीबी से समतल कर काम चलाऊ कच्ची सड़क का निर्माण किया था। वर्तमान में इसी सड़क से आवागमन किया जा रहा है। बारिश में पहाड़ों से पानी उतरते ही तेज बहाव में कच्ची सड़क बह जाती है। हालांकि विवि के पास अपना जेसीबी होने के कारण प्रबंधन तत्काल इसकी मरम्मत भी करा लेता है। लेकिन जब तक पक्की सड़क नहीं बन जाती रोज-रोज की इस समस्या से मुक्ति मिलने की संभावना नहीं है। विवि प्रबंधन वर्षों से अधूरे पड़े भवनों को पूरा कराने की जद्दोजहद कर रहा है।

**चाहिए 24 करोड़**

अधूरे भवनों एवं आंतरिक सड़कों के निर्माण पर 24 करोड़ रूपए खर्च होने का अनुमान है। लोनिवि ने प्राक्कलन भेजकर शासन से राशि की मांग की है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी इसके लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है लेकिन शासन द्वारा अभी राशि की स्वीकृति नहीं दी गई है। भवन के अभाव में विवि के शैक्षणिक विभागों का संचालन अलग-अलग भवनों में किया जा रहा है। इन भवनों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के साथ ही नियंत्रण में भी परेशानी हो रही है।

**अधिकार क्षेत्र में नहीं हैं संपर्क मार्ग**

विवि की आंतरिक सड़क की समय-समय पर मरम्मत कराई जा रही है तथा आवागमन में कोई परेशानी नहीं है। संपर्क मार्ग विवि के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। अधूरे भवनों एवं आंतरिक सड़क के लिए शासन को प्रस्ताव भेजकर 24 करोड़ की मांग की गई है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



## पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढे में फंसी स्कूल बस 3 घंटे बाद निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भूखे-प्यासे बच्चे लगाते रहे धक्का

नगर निगम द्वारा सुभाषनगर स्थित बलरामपारा में पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढे में सोमवार को विवेकानंद विद्या निकेतन की बस फंस गई। चालक एवं बस में सवार स्कूली बच्चों ने गड्ढे में फंसी बस को बाहर निकालने घंटों मशक्कत की लेकिन बस नहीं निकल सकी। अंत में रात्रि 7.30 बजे दूसरी स्कूल बस की मदद से गड्ढे में फंसी बस को बाहर निकाला गया तो बच्चे घर पहुंचे।

नगर निगम के अभियंताओं की मनमानी शहरवासियों पर भारी पड़ रही हैं। हाल ही में ननि द्वारा एक व्यवसायिक परिसर तक पेयजल पहुंचाने के लिए सुभाषनगर स्थित बलरामपारा में सड़क खोदकर पाइप लाइन का विस्तार किया गया है। पाइप लाइन विस्तार के बाद ननि ने गड्ढे में मिट्टी पाटकर छोड़ दिया है। सोमवार को शाम 5 बजे छुट्टी होने पर स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन की स्कूल बस वार्ड के बच्चों को लेकर उन्हें घर पहुंचाने जा रही थी। शाम 5.30 बजे जैसे ही बस बलरामपारा पहुंची बस का पहिया पाइप लाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढे में फंस गया। चालक एवं भूखे-प्यासे बच्चों ने धक्का देकर बस को बाहर निकालने की घंटों मशक्कत की लेकिन बस बाहर नहीं निकली। अंत में दूसरी बस की मदद से 7.30 बजे बस को बाहर निकाला गया तो बच्चे अपने घर के लिए रवाना हुए। वार्डवासियों ने बताया ननि ने पाइप लाइन विस्तार के लिए सड़क के दूसरी तरफ खुदाई की है तथा सड़क काटकर पाइप लाइन को क्रॉस कराया है। जबकि कम खर्च में सड़क के दूसरी तरफ से पाइप लाइन का विस्तार किया जा सकता था। सड़क खोदने के बाद इसका पक्कीकरण नहीं कराया गया है जिससे आए दिन गड्ढे में वाहन फंस रहे हैं। पास में ही विद्युत खंबे पर बड़ा फ्लैक्स लगाने के कारण सड़क संकरी हो गई है। वार्डवासियों ने ननि के अभियंताओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है।

## ढहाया गया जर्जर कुलपति कार्यालय भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संत गहिरा गुरु विवि के पुराने परिसर स्थित जर्जर कुलपति कार्यालय भवन जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। पूर्व में कुलपति कार्यालय की छत अचानक भरभरा कर गिर गई थी। छत रात में गिरने के कारण कोई हानि नहीं हुई थी।

स्थापना के बाद से ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पास जर्जर शासकीय भवन में संत गहिरा गुरु विवि का संचालन हो रहा है। पिछले साल कुलपति कार्यालय की छत भरभरा कर गिर गई थी। दुर्घटना रात में होने के कारण कोई खास नुकसान नहीं हुआ था। न ही किसी को चोट लगी थी। इस घटना के बाद कुछ सालों पूर्व परिसर में निर्मित पक्के भवन में कुलपति कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। जबकि कुल सचिव कार्यालय सहित प्रशासनिक कार्यालय के विभिन्न विभागों का संचालन विश्वविद्यालय के भकुरा परिसर में किया जा रहा है। वर्तमान में कुलपति कार्यालय विवि के सिटी ऑफिस का संचालन पुराने परिसर में हो रहा है। लगातार बारिश होने के कारण छत विहीन कुलपति कार्यालय खतरनाक हो गया था। बारिश से कभी भी इसके गिरने की संभावना जताई जा रही थी। स्थिति को देखते हुए विवि प्रबंधन ने ननि के अधिकारियों को इसकी सूचना दी थी। मंगलवार को ननि के स्वच्छता अधिकारी अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में विवि की जेसीबी से जर्जर भवन को ढहाया गयाय। परिसर के अन्य कमरे भी जर्जर हो गए है। विवि प्रबंधन पुराने भवन को ढहाकर कंपोजिट बिल्डिंग बनाने की योजना बना रहा है जिसमें सिटी ऑफिस, अतिथि निवास, गृह सहित आवश्यकता के अनुरूप अन्य भवनों का निर्माण किया जा सके। हालांकि प्रशासन ने अभी तक भवन एवं भूमि का स्वामित्व विवि को नहीं सौंपा है। प्रशासन द्वारा अस्थाई तौर पर प्रशासनिक कार्यालय संचालित करने के लिए भवन विवि को आवंटित किया था।

## मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों का विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



ग्राम कर्रा में कर्मेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण कार्यों तथा शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की हेतु चल रही तैयारियों का विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने निरीक्षण करने के साथ ही जानकारी ली। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकर ने कर्मेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण कार्यों तथा 25 जुलाई से नौ दिवसीय श्री महारुद्र यज्ञ एवं शिव पुराण कथा को लेकर चर्चा की। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है जिसे लेकर सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने तैयारी का जायजा लिया।

बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत कर्रा में आगामी 25 जुलाई को श्रावण शुक्ल पक्ष के एकम से नौ दिवसीय श्री महारुद्र यज्ञ एवं शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शुक्रवार को को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। 26 जुलाई को शिव महापुराण माहात्म्य कथा, 27 जुलाई को आदि शिवलिंग पूजन कथा, 28 जुलाई को नारद मोह, कुबेर चरित्र, सती चरित्र, 29 जुलाई को शिव सती विवाह उत्सव, 30 जुलाई को पतिव्रत धर्म का उपदेश विहार कार्तिकेय गणेश विवरण, 31 जुलाई को त्रिपुरासुर वध, जलंधर उद्धार, 1 अगस्त को द्वादश ज्योतिर्लिंग महात्म्य उमा सहिता कथा विस्तार एवं अंतिम दिन 2 जुलाई को पूर्णाहुति तविज्वाचन पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस नौ दिवसीय चलने वाले आयोजन में प्रतिदिन महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं इस कार्यक्रम में ऋषभतीर्थ गहरिनमुड़ा के भागवत भूषण पंडित दिव्य आनंद तिवारी महाराज द्वारा श्री महारुद्र यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, प्रवीण अग्रवाल, आलोक यादव, सीईओ संजय दुबे, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, वन परिक्षेत्र अधिकारी महाजन साहू, पंचायत निरीक्षक फुलमोहन राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## गेउर नदी में मिला ग्रामीण का शव, जांच में जुटी पुलिस

**राजपुर।** नगर से लगे ग्राम नवकी के सरनापारा स्थित गेउर नदी में बुधवार की सुबह एक ग्रामीण का शव बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा मृतक के शव की शिनाख्त उपरांत घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक के शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह 9.30 बजे नवकी सरनापारा स्थित गेउर नदी किनारे झाड़ियों में एक अधेड़ का शव पडा हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद राजपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। नदी में पानी का भाव तेज होने के कारण पुलिस को शव बाहर निकालने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। एसडीओपी इम्मानुएल लकडा ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंचे प्रधान आरक्षक अनिल पैकरा और नगर सैनिक शैलेंद्र गुप्ता ने तेज बहाव के बीच नदी में उतरकर शव को बाहर निकला गया। मृतक की पहचान क्षेत्र के ग्राम लडुवा नवापारा निवासी 65 वर्षीय अघना गोंड आ. मुनियार के रूप में की गई है जो रविवार को घर से निकला था। ग्रामीण शराब पीने का आदि था और अक्सर शराब पीकर दो से तीन दिनों के लिए घर से बाहर रहता था। ऐसे में परिजन ने भी उसकी खोज खबर नहीं ली। 23 जुलाई को नदी में मिले शव की पहचान होने के बाद परिजन को मामले की जानकारी दी गई। फिलहाल मार्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान है और उसका एक पैर भी टूटा हुआ है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** ग्राम बिनकरा निवासी बरसाती सिंह श्याम आ. नेतराम श्याम (28 वर्ष) ने लखनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गत दिन दोस्त ग्राम लहपटरा निवासी हिमांशु राजवाड़े को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवाई 8354 को दिया था। हिमांशु राजवाडे अंबिकापुर से आने के बाद बाइक को अपने घर आंगन में खड़ा किया था। इसी दौरान रात में चोरों ने बाइक पार कर दिया।


## निविदा प्राप्ति के अंतिम दिन निरस्त कर दिया गया 3.34 करोड़ का टेंडर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में विकास कार्यों के नाम पर 3.34 करोड़ रूपए के स्वीकृत कार्यों का टेंडर जारी करने के बाद अंतिम दिन अचानक निविदा को निरस्त किए जाने से हड़कंप मच गया है। कांग्रेस और विपक्ष हमलावर हो गए है। नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि यह सरासर शहर के साथ धोखा है। निगम आयुक्त ने अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हुए टेंडर कैंसल किया है। उन्हें इसका वाजिब कारण देना होगा। निगम शहर के सड़कों पर बने गड्ढे में मलबा तक नहीं डलवा पा रही है। बरसात पूर्व नालों की सफाई नहीं होने के कारण पहली बार ऐसा हुआ है कि शहर के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी और निगम त्वरित राहत भी नगरवासियों को नहीं दिलवा पाये। शहर भर में 2000 से अधिक स्ट्रीट लाइट बंद हैं। खुले नालियों में महिलाएं और बच्चे गिर रहे हैं। अम्बिकापुर शहर की जो दुर्गति पिछले 5 माह में हुई है उसे ट्रिपल इंजन की सरकार 1 सप्ताह में सुधरे अन्यथा 1 सप्ताह बाद कांग्रेस आंदोलन करेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि अम्बिकापुर के सड़कों की स्थिति बदतर है। इसके रिपेयर के लिए निगम ने 27 जून को टेंडर बुलाया था। जिसकी निविदा 25 जुलाई को खोली जानी थी। लेकिन इसे बैक डेट पर निरस्त कर अम्बिकापुर शहर को नारकीय जीवन भोगने के लिए इस वजह से झोंक दिया गया है क्योंकि भाजपा कार्यकर्ताओं को इस निविदा से रोजगार नहीं मिला। ऐसा लगता है कि महापौर शहर की नहीं बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं की महापौर है। इस दौरान विनोद एक्का, संजय सिंह, पपिन्दर सिंह, शंकर प्रजापति, लोकेश पासवान, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, धर्मेंद्र ताम्रकार, शुभम जायसवाल, नरेंद्र विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, मिथुन सिंह, दिनेश शर्मा, अमित सिन्हा आदि मौजूद थे।

## रायगढ़ जिला उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग सुविधा का शुभारंभ



**रायगढ़।** जिला उपभोक्ता आयोग रायगढ़ में आज एक नई तकनीकी पहल की शुरुआत हुई। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने वर्चुअल माध्यम से ई-हियरिंग ऑनलाइन सुनवाई सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुनवाई की यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। न्यायमूर्ति चौरड़िया ने बताया कि ई-हियरिंग से दूरस्थ क्षेत्रों के लोग भी अब बिना रायपुर आए अपने केसों की सुनवाई में शामिल हो सकेंगे। इससे समय श्रम और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ई-फाइलिंग पहले से सभी जिला आयोगों में उपलब्ध थी अब ई-हियरिंग जुड़ने से छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां सभी जिला उपभोक्ता आयोगों में डिजिटल सुनवाई की सुविधा आरंभ हो चुकी है। कार्यक्रम की शुरुआत में रायगढ़ जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल ने ई-हियरिंग की प्रक्रिया इसके लाभ और उपभोक्ताओं व अधिवक्ताओं के लिए इससे होने वाली सहूलियतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्य आयोग के रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार मोना चौहान, लेखाधिकारी मधुलिका यादव, जिला आयोग रायपुर के अध्यक्ष डॉ. केशव शर्मा, सदस्य निरुपमा प्रधान और अनिल अग्निहोत्री, रायगढ़ जिला आयोग के सदस्य राजेंद्र पांडेय और राजश्री अग्रवाल मौजूद रहे। इसके अलावा अधिवक्ता संघ रायगढ़ के सचिव लोकनाथ केशवानी, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, नरेंद्र प्रधान, हरेंद्र साहू, ईश्वर पटेल, नरेश्वर पटेल, अजीत पटेल, अंशुमान राबड़ा, बृजेश पटेल सहित शामिल रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 दिन
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
केरल दर्शन
मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
19 जुलाई, 16 अगस्त, 13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411